पेड़ से टकराई कार, एक मरा, पांच घायल

कुंभ स्नान कर कार से घर लौट रहा था परिवार

शहडोल, देशबन्धु। प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर लौट रहे एक परिवार की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि कार को मृतक महिला का पुत्र चला रहा था। घटना बुधवार सुबह 4 बजे घुनघुटी के पास की है। घटना के बाद सड़क से गुजर रहे एक वाहन चालक ने मामले की जानकारी पुलिस की डायल 100 व 108 एंबुलेंस को दी जिसके बाद एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया ।

जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुए कार सवार परिवार के 6 सदस्य शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र के कटकोना के रहने वाले हैं। हादसे में कुसुम सिंह उम्र 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उपेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, आशा सिंह, सुशील एवं सविता सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि उमरिया से शहडोल की ओर एक कार में सवार परिवार आ रहा था। तभी उसने घटना देख मामले की जानकारी पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी,। घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है।

दो घरों से लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

शहडोल, देशबन्धु। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े सुने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस अब परेशान है, चोरों की तलाश में टीम जुटी हुई है,अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। दोनों घर से हुई चोरी लगभग 15 लाख से अधिक की है, जिसमें 12 तोला सोना, ढाई किलो चांदी शामिल है। घटना जिले के ब्यौहारी एवं अमलाई थाना क्षेत्र में हुई है।

जानकारी के अनुसार अमलाई थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी ए/14 में रहने वाले दीप नारायण द्विवेदी के घर दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई है। दीप नारायण ने पुलिस से बताया कि वह कालरी कर्मचारी हैं और मंगलवार की सुबह 11 बजे परिवार को लेकर बरगवां एक शादी में शामिल होने गए थे, शाम 4 बजे जब घर लौटे तो घर के सामने लगी खिड़की टूटी हुई थी और दरवाजा खुला था। उन्होंने जब अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जिससे यह अंदेशा लगाया जा सकता था की उनके घर चोरी हो गई है। पुलिस ने बताया कि दीप नारायण द्विवेदी के घर से पांच तोले सोने के जेवर एवम आधा किलो चांदी के जेवरात एवम नगद 50 हजार की चोरी हुई है। यह घटना सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच दिनदहाड़े हुई है।

जिस पर अब पुलिस की पेट्रोलिंग व फिक्स पॉइंट पर भी अब चोरों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। बताया गया कि परिवार के सभी सदस्य रीवा गए हुए थे। हरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पास के गांव में ही सेल्समैन है। परिवार के अन्य सदस्य पहले ही रीवा जा चुके थे, और उन्हें भी सुबह 9 बजे रीवा जाना पड़ा, शाम को जब कोरियर वाला घर पहुंचा तो उसने बताया कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। इसके बाद घटना का पता चल पाया, जिसके बाद हरेंद्र ने पास में रह रहे अपने रिश्तेदार को उसकी जानकारी दी, जब वह घर पहुंचे तो देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था, और घर में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब तक रीवा से हरेंद्र सिंह और उनके परिवार के लोग वापस लौट आए और अंदर जा कर देखा तो अलमारी में रखे सभी जेवरात चोरी हो चुकी थे, पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता मंगलवार की सुबह 9ः00 बजे घर में ताला लगाकर रीवा चले गए थे,शाम को जब कोरियर वाला पार्सल देने के लिए उनके घर पहुंचा तो उसने फोन पर उन्हें बुलाया लेकिन परिवार ने कहा कि हम रीवा में हैं, तब कोरियर वाले ने कहा कि आपके घर का तो दरवाजा खुला हुआ है। तब जा कर चोरी की घटना का पता चल पाया। हरेंद्र के अनुसार 7 तोला सोने के ज़ेवर एवं 2 किलो चांदी के जेवर तथा 27 हजार रुपए नगद की चोरी हुई है।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री ने किया वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

उमरिया, देशबन्धु। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर परिषद नौरोजाबाद के वार्ड नंबर 8 न्यू बस स्टैंड में भारत के भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण किया । प्रतिमा की साइज उंचाई 10 फिट चौडाई 28 इंच, प्रतिमा स्थल स्ट्रक्चर 10वाय10 फिट एवं पेडेस्टल 30वाय30 इंच है । प्रतिमा का निर्माण एफआरपी पालीमर से किया गया है । इस अवसर पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, शहडोल संभागायुक्त श्रीमती सुरभी गुप्ता, आईजी शहडोल संभाग अनुराग शर्मा, पूर्व सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र ज्ञान सिंह, विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल सहित अन्य जनों ने आत्मीय स्वागत किया।

दिव्यांगों को कृत्रिम सहायक उपकरणों का तोहफा देंगे मुख्यमंत्री आज

बालाघाट, देशबन्धु। 20 फरवरी को प्रतिवर्ष विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर ऐसे व्यक्तियों को जीवन संवारने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कृत्रिम सहायक उपकरणों का तोहफा देने की तैयारी कर चुका है। इसकी शुरुआत गत वर्ष दिसम्बर में पंचायतों द्वारा कराए गए सर्वे से की गई थी। जिसे 22 फरवरी को पूरा किया जाएगा। इस दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों कृत्रिम उपकरण प्रदाय किये जायेंगे। सामाजिक न्याय विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को 2520 दिव्यांगों को 4062 सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे। इसमें 188 को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, 1362 को कैलिपर्स, 514 को हियरिंग, 324 को चेयर विथ कमोड, 255 को सिलिकॉन कुशन, 208 को वॉकिंग स्टिक सहित अन्य उपकरण प्रदाय किये जायेंगे। इसके अलावा अब तक 1809 दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड प्रदान कर पेंशन योजना से जोड़ा गया है।

कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले में दिव्यांगजनों का पुख्ता डेटा तैयार कराने के लिए पंचायतों द्वारा सर्वे कराया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के निर्देशन में 4448 ऐसे दिव्यांग तलाशे गए जो दिव्यांग होने के बावजूद किसी योजना का लाभ नही ले पा रहें थे। इसके बाद 4 से 16 दिसम्बर तक विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनपदवार शिविर आयोजित कर जांच परख कराई गई। जिसमें 2200 से अधिक ऐसे दिव्यांग जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग है। इन्हें यूडीआईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

बिठली में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान शार्ट सर्किट से लगी आग

वारासिवनी, देशबन्धु। रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिठली में 16 फरवरी की रात विवाह कार्यक्रम हो रहे मकान में अचानक आग लग गई। यह आगजनी की घटना शिवराम पटले के मकान में विद्युत मीटर के पास शॉर्ट सर्किट होने से डहल में आगजनी प्रतीत हो रही है। जिसमें दमकल वाहन के द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया वहीं विवाह कार्यक्रम में चीख पुकार मच गई। जहां उपस्थित लोगों ने भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

शिवराम पटले वार्ड नंबर 17 बिठली निवासी के घर में विवाह कार्यक्रम जारी था। जहां पर रिसेप्शन प्रारंभ था इस दौरान रात्रि करीब साढे 9 बजे अचानक विद्युत मीटर में शॉर्ट सर्किट की घटना घटी। जिसके कारण पास में रखे पैरे ने आग पकड़ ली जो धीरे धीरे फैलने लगी और थोड़ी देर में विवाह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच चिख पुकार मच गई। जिनके द्वारा आस पड़ोस व घर में स्थित पानी एवं जल स्रोत के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। वहीं घटना की जानकारी तत्काल नगर पालिका वारासिवनी की फायर ब्रिगेड को दी गई। यह घटना की खबर पूरे ग्राम में फैल गई जहां पर बड़ी संख्या में भीड़ लगी रही वहीं लोगों की खुशियां आश्चर्य में बदल गई।

इस दौरान दमकल वाहन के पहुंचने के पहले ही गांव के लोगों के द्वारा मार्ग में डाली हुई गिट्टी के ढेर को पावडे से साइड कर वाहन आने के लिए रास्ता बनाई गई । इस दौरान कम से कम समय में दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। जहां फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। जिसमें करीब आधे घंटे बाद पूरी आग शांत हो गई। परंतु इस दौरान पैरा सहित डहल में रखी समस्त वस्तु जलकर राख हो गई। इस दौरान यह अच्छा रहा की कम समय में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई अन्यथा यह आग आस पड़ोस के मकान को भी अपने जद में ले लेती । किंतु इसके पहले ही फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान फायर ब्रिगेड के कर्मचारी सूरज करकाड़े, मनोज चन्ने, धूमेंद्र करकाड़े, अखिलेश उइके, उमेश भवरे, अनुज पंचेश्वर का सराहनीय योगदान रहा।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिले छह प्रजातियों के गिद्ध

उमरिया, देशबन्धु। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन दिवसीय गिद्ध गणना जारी है। रिजर्व के 9 परिक्षेत्रों के 139 बीट में 500 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए हैं। गणना के दौरान 6 प्रजातियों के गिद्ध पाए गए हैं।

समय से पहले जन्म लेने वाले शिशु को मिली जिंदगी

शहडोल, देशबन्धु। प्रकृति का नियम है कि नौ माह तक माँ के गर्भ में रहने के बाद ही मनुष्य इस संसार में जन्म लेता है। अगर निर्धारित समय से पहले किसी नवजात ने जन्म लिया तो उसके जीवित रह पाना काफी मुश्किल होता है, लेकिन जिला चिकित्सालय में एक ऐसे नवजात को नया जीवन प्रदान किया गया जिसने महज सात माह तक माँ की कोख (गर्भ) में रहने के बाद ही समय पूर्व जन्म ले लिया था। साथ ही उसका वजन एक किलो ग्राम से भी कम करीब 850 ग्राम ही था। ऐसे नवजात को परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां करीब दो माह तक चिकित्सकों एवं वहाँ के स्टाफ द्वारा न केवल अपने फर्ज को निभाते हुए उस नवजात का इलाज कर उसे एक नया जीवन

प्रदान किया गया बल्कि एक माता-पिता के समान उसकी सेवा भी की गयी ।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील हथगेल ने बताया कि खमरिया टोला सोहागपुर निवासी आशा बैगा पति अशोक बैगा ने करीब 2 माह पहले समय पूर्व सात माह के गर्भ धारण के बाद ही एक नवजात (बच्ची) को जन्म दिया। समय पूर्व प्रसव होने के कारण नवजात काफी कमजोर थी ,उसका वजन मात्र 850 ग्राम ही था । जन्म के बाद उस्की हालत देख माता -पिता भी दुखी हो गये । वह तो उस नवजात की जिंदगी को लेकर भी शंका में थे कि इतना कम वजन का बच्चा कैसे जीवित रह पाएगा । फिर भी एक उम्मीद के साथ वह उसे लेकर जिला चिकित्सालय लेकर पहुँचे । चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त उसे एसएनसीयू (नवजात गहन चिकित्सा कक्ष) में भर्ती किया गया ।

नौरोजाबाद में मुख्यमंत्री ने 55 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

उमरिया, देशबन्धु। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने जिले के नगर परिषद नौरोजाबाद मे आयोजित कार्यक्रम में 1 अरब 1 करोड़ लागत वाले 55 निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। इन कार्यो में उप स्वास्थ्य केंद्र, वन विभाग व्दारा निर्मित सामुदायिक

भवन, उमरिया सब्जी मंडी का लोकार्पण, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच मार्ग, स्कूल भवन, बालक छात्रावास चौरी एवं नौगवां तथा पाली का लोकार्पण, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में स्टाफ क्वार्टर, नल जल प्रदाय योजनाओं का लोकार्पण, 33/11 केव्ही विद्युत उप केंद्र डबरौंहा एवं पथरहठा का लोकार्पण करेंगे। विभिन्न 11 सड़क मार्गो का भी लोकार्पण किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव नगर परिषद नौरोजाबाद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हेलीकाप्टर व्दारा जबलपुर से जोहिला क्षेत्र नौरोजाबाद में बने हेलीपैड पर पहुंचें, जहां अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र ज्ञान सिंह, विधायक मानपुर मीना सिंह, विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, शहडोल संभागायुक्त सुरभी गुप्ता, शहडोल आईजी अनुराग शर्मा, डीआईजी सविता सुहाने, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, कुशल सिंह, आसुतोष अग्रवाल सहित अन्य जनों ने आत्मीय स्वागत किया।

नर्सिंग ऑफीसर ने तत्काल रक्तदान कर बचाई हाईरिस्क प्रसूता की जान

बालाघाट, देशबन्धु। वास्तव में हमारे शरीर की नसों में बहने वाले लहू का कोई विकल्प नही है। यही संदेश जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात वर्षा उमरे ने दिया है। सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण महिला की हालत गंभीर हो चुकी थी, हीमोग्लोबिन 6.8 था। उन्होंने बताया कि महिला का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव था। ऐसे में नर्सिंग ऑफिसर वर्षा उमरे ने तुरंत रक्तदान किया। जिसके बाद स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे द्वारा महिला का सामान्य प्रसव कराया गया। जानकारी अनुसार अब महिला खतरे से पूरी तरह बाहर है उसे विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों की निगरानी में जिला चिकित्सालय में रखा गया है।

अब पूर्णतः स्वस्थ है बच्चा-बच्चा- सीएमएचओ डॉ. पांडेय ने बताया कि 12 फरवरी को शाम को जिला चिकित्सालय बालाघाट के प्रसूति विभाग में बैहर विकासखण्ड की निवासी सुकलता धुर्वे आयु 26 वर्ष को प्रसव के लिए भर्ती किया गया था। भर्ती के समय महिला को पूरे शरीर में सूजन थी। जांच के बाद महिला का ब्लड प्रेशर 130/63 तथा हीमोग्लोबिन मात्र 6.8 था। यह महिला का दूसरा प्रसव था पहला प्रसव सामान्य हुआ था।

उन्होंने बताया 15 फरवरी को प्रसूता को सामान्य प्रसव से लड़का हुआ। प्रसव के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे तथा लेबर रूम में उपस्थित नर्सिंग ऑफिसर द्वारा पूर्ण प्रबंधन किया गया। अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण पीपीएच श्रेणी के कारण महिला के शरीर में खून की अत्यंत कमी हो गई थी।

महिला का ब्लड ग्रुप एबी पॉजीटिव था जो तत्कालीन समय में बल्ड बैंक में उपलब्ध नहीं था। इस दौरान नाईट शिफ्ट में तैनात नर्सिंग ऑफिसर वर्षा उमरे द्वारा तुरंत रक्तदान किया गया तथा प्रसूता की जान बचाई गई। पीपीएचस के कारण महिला की हालत काफी नाजूक थी। प्रसव के उपरांत जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है।

कान्हा अंतर्गत किसली परिक्षेत्र में मिला मादा बाघ का शव

बालाघाट, देशबन्धु। मंगलवार को कान्हा टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन भूमि कक्ष क्रमांक 40 (780) बीट चिमटा, वृत धंधार, वन परिक्षेत्र किसली अंतर्गत एक मादा बाघ का शव बरामद किया गया। प्रारम्भिक जांच के बाद ज्ञात हुआ कि 12 वर्षीय मृत बाघ की मृत्यु का कारण आपसी संघर्ष था।

उप संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी अनुसार पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों की टीम ने मादा बाघ के शरीर की जांच की और पाया कि सभी अंग सुरक्षित हैं। जिसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शवदाह/भस्मीकरण की कार्यवाही की गई, जिसमें संध्या आईएफएस वन संरक्षक कार्ययोजना बालाघाट, सुश्री अमीता केबी आईएफएस उपसंचालक कान्हा और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रहीं।

गोड़ारू स्कूल की 11वीं परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं गायब

शहडोल, देशबन्धु। जिले के एक स्कूल से भूगोल विषय की कक्षा 11वीं की उत्तर पुस्तिका गायब हो जाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत भी थाने में दर्ज करवाई गई है, लेकिन जो शिकायत दर्ज करवाई गई है उसमें जिक्र किया गया है कि चोरी स्कूल में हुई है, लेकिन चर्चा कुछ और है। हालांकि विभाग ने अब तक इस मामले पर यह तय नहीं किया है कि दोषी कौन है। पुलिस अपनी जांच कर रही है। अब बच्चों की दिक्कत बढ़ गई है, क्योंकि बच्चों को दोबारा एग्जाम देना पड़ेगा।

विकासखंड गोहपारू अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़ारू अंतर्गत कक्षा 11वीं की परीक्षा की भूगोल विषय की उत्तर पुस्तिकाएं गायब हो जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में प्रभारी प्राचार्य यशवंत सिंह द्वारा गोहपारू थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें बताया गया कि स्कूल के कमरे से उत्तर पुस्तिकाओं का एक बंडल 14 फरवरी को गायब हो गया। स्कूल में अध्ययनरत 24 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। अब यह परीक्षा दोबारा 24 फरवरी को आयोजित की जाएगी। दूसरी ओर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दिया है।

मामले में लीपापोती किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। पुलिस में दर्ज शिकायत में यह कहा गया है कि कापियां स्कूल से गायब हुईं, लेकिन यह नहीं बताया गया कि किसकी लापरवाही से ऐसा हुआ। वहीं इस बात की चर्चा है कि परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन केंद्र में जमा करने ले जाया जा रहा था। गोहपारू पहुंचने के पहले रास्ते में उस समय कापियां गायब हुईं, जब ले जाने वाला सख्श चाय-नाश्ता करने रुका था। लोगों का कहना है कि मामला जो हो लेकिन कापियां गायब होने के इस गंभीर मामले में जिला शिक्षाधिकारी द्वारा भी हीलाहवाली की गई। किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब छात्रों को दोबारा परीक्षा देना पड़ेगा।

जिला शिक्षाधिकारी शहडोल फूल सिंह मारपाची ने बताया की मामले की सूचना गोहपारू थाने में दर्ज कराई गई है। प्रकरण की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 16 फरवरी को भोपाल दी गई थी। वहां से मिले निर्देशानुसार 24 तारीख को पुनः परीक्षा ली जाएगी। मामले में किसकी लापरवाही है, इसकी भी जांच कराई जा रही है।

गोहपारू थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि मामले में शिकायत दर्ज हुई है। हम जांच कर रहे हैं। पर कुछ लोगों ने आकर थाने में यह भी बताया है कि वह उत्तर पुस्तिका रास्ते से गायब हुई है हम मामले की पड़ताल कर रहे हैं।

बालाघाट के हृदय स्थल से शुरू हुई सड़क, जोड़ेगी दो टाइगर कॉरिडोर को

दो राजमार्गो का बन रहा है संगम, तैयार हुए सात तिराहे

बालाघाट, देशबन्धु। बालाघाट के हृदय स्थल उकवा क्षेत्र से एक ऐसी सड़क तैयार हुई है जो राजमार्ग पर चौराहे का निर्माण करते हुए मंडला जिले को कनेक्ट करती हैं। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा ही एक और महत्वपूर्ण सड़क बनाई है जो कान्हा व पेंच टायगर पार्क के बीच टाइगर सहित अन्य वन्य जीवों के लिए बने प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर के किनारे से गुजर रही है। इस लिहाज से ये दोनों ही सड़कें टाइगर कॉरिडोर के प्राकृतिक गलियारे की सैर भी कराएगी।

इन सबके अलावा अनुसूचित क्षेत्र में इन सड़कों का निर्माण होना यहां के 30 से अधिक गांवो की करीब 25 हजार की आबादी सड़कों के इस नेटवर्क से मूलभूत सुविधाओं का लाभ पाने में सहूलियत महसूस कर रही है। यह सड़कें लोक निर्माण विभाग उन्नयन की गई। चिखलाझोडी से निकलकर प्रदेश के दो राष्ट्रीय पार्क की सैर करने में सुविधा हो गई है। जबकि दूसरी लामटा के चांगोटोला से परसवाड़ा को जाने वाली सड़क से सिवनी और मंडला जिलों की सीमाओं पर वनीय क्षेत्र में बसे गौंड व बैगा समुदाय का सफ़र आसान बना रही है। 47.10 किमी. की सड़क चिखलाझोडी-डोरा से निकलकर मंडला जिले के चिराइडोंगरी को जोड़ रही है। तो दूसरी मंडला और सिवनी जिले की सीमा में बसे गौंड व बैगा समुदाय के बाशिन्दों को नगरीय आबादी और दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराती है।

पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री श्री बीएस अडमे ने बताया कि जंगल के रास्तों होकर जाने वाले नागरिकों को 47.10 किमी.के चिखलाझोडी और 25.60 किमी. के चांगोटोला से परसवाड़ा मार्ग अच्छे वैकल्पिक मार्ग बनें है। जो हर वर्ग के लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। 74 किमी. की ये सड़के 37 करोड़ की लागत से बनी है। विभाग के एसडीओ श्री पारस ने बताया कि ये सड़के जिस भौगोलिक क्षेत्र में बनी है।

यह जिले के लिए अनोखी है, जो राजमार्ग 48 और 543 को क्रॉस करती है। साथ ही 7 तिराहे बना रही है। इसके अलावा धुर्वा में एक चौराहा भी बन रहा है। 18 राशन दुकानें 7 हायर सेकेंडरी और 7 स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुँच हुई आसान चांगोटोला से परसवाड़ा और चिखलाझोडी से चिराइडोंगरी तक जाने वाली 74 किमी की इन सड़को से 22751 की आबादी करीब 30 गांवो को आने जाने में सुविधा प्रदान कर रही है।

इसके अलावा यहां के नागरिकों को 18 राशन दुकानें, 7 हायर सेकेंडरी और 6 उपस्वास्थ्य केंद्रों सहित 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँच सहज हुई है। 7 स्वास्थ्य केंद्रों पर 7 हजार से अधिक आबादी ले रही उपचार इन दो सड़को से करीब 30 गांवो व मजरों टोलों की 6 उपस्वास्थ्य केंद्र और 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा से सीधा संपर्क हुआ है।

सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डे ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन 20 से 25 ओपीडी और सीएससी पर 120 से 130 ओपीडी रहती है। इस लिहाज से 7 स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिमाह 7 हजार से अधिक नागरिक स्वास्थ्य लाभ भी इन सड़कों के माध्यम से ले पा रहें है।